शांति धारीवाल
मंत्री

गृह, विधि एवं न्यास,
संसदीय कार्य, स्वायत्त शासन,
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन, ट्रस्ट, नई दिल्ली/कोटा द्वारा स्वर्गीय श्री राजीव गाँधी जी के कम्प्यूटर क्रांति के सपने को साकार करने के उद्देश्य से कम्प्यूटर साक्षरता अभियान के तहत सभी वर्ग के छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है। मिशन द्वारा अपने पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को रोजगारोन्मुखी बनाया जाना, यह एक अत्यन्त ही सराहनीय प्रयास है। मिशन के माध्यम से प्रकाशित पाठ्य सामग्री छात्र–छात्राओं के लिए अत्यन्त ही उपयोगी साबित होगी। आशा है कि मिशन के माध्यम से कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र–छात्राओं को निश्चित रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

गुझे आशा है कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं साक्षरता गिशन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने का कार्य समाज के उच्च वर्ग तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गरीब वर्ग के लोग भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे।

मैं मिशन को अपने लक्ष्य में सफल होने के साथ–साथ मिशन में अध्ययन करने वाले छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाऐं देता हूँ।

सद्भावी

(शांति धारीवाल)